व छोटे राकेट छोड़ने के लिए चपड़े पर आधारित राकेट प्रोपेलेंट के विकास के लिए चपड़े का उपयोग । पहले से विकसित हुए प्रोपेलेंट्स की रचना के विभिन्न गुणों में सुधार लाने के लिए किये जा रहे परिक्षण भी प्रगति पर है । इस प्रकार के प्रोपेलेंट्स के कुछ नमूने तैयार किये जा चुके हैं तथा ऊष्मा की दृष्टि से मूल्यांकन हेतु इन प्रोपेलेंट्स को बिड़ला इन्सटीट्यूट आफ टैक्नालाजी को भेज दिया गया है, क्योंकि आई० एल० आर० आई० में ये सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं । इस अनुसन्धान को वरीयता मिलती रहेगी ।

चीनी मिलों को ऋण

4773. **श्री रामधारी शास्त्री** : क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) किस-किस चीनी मिल को कितना-कितना ऋण विकास करने के लिए दिया गया है; और

(ख) क्या यह सच है कि अधिकांश ऋण उन्हीं चीनी मिलों को दिया जा रहा है जो बड़े बड़े पूंजीपतियों के हाथों में हैं और छोटी चीनी मिलें, विशेषतया उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले की, ऋण सुविधा से वंचित की जा रही है और यदि हां, तो क्या सरकार तत्काल इस मामले पर ध्यान देगी ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) ब्यौरे उपलब्ध नहीं हैं । तथापि, वित्त मंत्रालय द्वारा दी गई सूचना के अनुसार 25-3-1977 को देश की विभिन्न चीनी मिलों पर 270 करोड़ रुपये का ऋण बाकी था । चीनी उद्योग को भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम और भारतीय औद्योगिक ऋण तथा निवेश निगम द्वारा मंजूर की गई वित्तीय सहायता इस प्रकार है :—

(करोड़ रुपये में)

	मंजूर की गई राशि
1. भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (30-6-76 तक)	39.58
2. भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (30-6-76 तक)	
(i) सहकारी समितियां	106.39
(ii) अन्य	15.18
	121.57
3. भारतीय औद्योगिक ऋण तथा निवेश निगम (31-12-1975 तक)	12.83
जोड़ :	173.98

(ख) जी नहीं ।

Reopening of Gujarat Vidyapeeth

4774. DR. VASANT KUMAR PANDIT: Will the Minister of EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE be pleased to state:

(a) whether the public has urged the Central Government and the University Grants Commission to make efforts for reopening of Gujarat Vidyapeeth; and

(b) if so, the efforts Government have made in the matter?